आपके श्री चरणों में

आपके श्री चरणों में, उमर कट जाए सारी,
आपके श्री चरणों मे, उमर कट जाए सारी,
जिधर भी देखु दीखे, युगल छवि श्याम तुम्हारी,
आपके श्री चरणों में, उमर कट जाए सारी......

श्याम तुम स्वामी मेरे, स्वामिनी राधे रानी,
युगल चरणों को निहारत, कटे मेरी जिंदगानी,
मैं तो बस चाकर तेरा, चाकरी लागे प्यारी,
आपके श्री चरणों में, उमर कट जाए सारी....

पाँव में बांध घुघरू, हाथ करताल लिया है,
नयन में छवि बसाके, तुम्हे ही याद किया है,
नाचू कीर्तन में तेरे, नाचे ज्यू मीरा प्यारी,
आपके श्री चरणों में, उमर कट जाए सारी......

बताओ कबहु मिलोगे, हम से ऐ गिरवरधारी,
हम तेरे दरश दीवाने, दरश दे दो गिरधारी,
बिता देंगे हम जीवन, लेके एक आस तिहारी,
आपके श्री चरणों में, उमर कट जाए सारी.....

दूर अब तुमसे रहना, नहीं मंजूर है हमको,
पास तुम्हे आना पड़ेगा, सुनो ऐ प्यारे तुमको,
“नन्दू” दिलदार दिलो पर, लगी बस छाप तुम्हारी,
आपके श्री चरणों में, उमर कट जाये सारी,
जिधर भी देखु–दीखे, युगल छवि श्याम तुम्हारी,
आपके श्री चरणों मे उमर कट जाए सारी,
आपके श्री चरणों में, उमर कट जाए सारी...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27835/title/aapke-shree-charno-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |